डॉ. रेड्डी को औद्योगिक शांति के लिये जहाँगीर गांधी पदक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जमशेदपुर स्थित **XLRI**-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक पॉल फर्नांडीस एस.जे. ने बताया कि अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड की कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. प्रीथा रेड्डी को औद्योगिक और सामाजिक शांति के लिये सर जहाँगीर गांधी पदक प्रदान किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. रेड्डी को व्यापक रूप से लाखों लोगों के लिये उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने में उनके योगदान और भारत की बेहतरी के लिये काम करने वाली विभिन्न संस्थाओं और उद्योग निकायों को उनके समर्थन के लिये जाना जाता है।
- वे अपोलो हॉस्पिटल्स एजुकेशनल ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी हैं, जो अपोलो समूह के शैक्षिक प्रयासों को संचालित करने वाली एक प्रमुख संस्था है।
- गौरतलब है कि हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के अध्यक्ष और एम.डी. संजीव मेहता को 2020 में और बाटा कॉर्पोरेशन के वैश्विक सीईओ संदीप कटारिया को 2021 में यह पदक प्रदान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jehangir-gandhi-medal-for-industrial-peace-to-dr-reddy